एक नजर

हिस्ट्रीशीटरों पर पुलिस का शिकंजा, थाने में दी सख्त चेतावनी



हरगांव (सीतापुर)। हरगांव क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था मजबूत करने के लिए हरगांव पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों पर निगरानी तेज कर दी है। थाना प्रभारी आनंद नारायण त्रिपाठी ने हिस्ट्रीशीटरों को थाने बुला कर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली और सख्त हिदायत देते हुए अपराध से दूर रहने की चेतावनी दी। थाना परिसर में हुई इस कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी हिस्ट्रीशीटरों को कानून के दायरे में रहकर शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा पुलिस के निर्देशों का पालन करने को कहा गया। साथ ही उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखे जाने की बात भी कही गई। **पुलिस की सक्रियता से अपराधियों में सतर्कता का संदेश** हरगांव पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के पुराने अपराधियों में पुलिस की सक्रियता का संदेश गया है। हिस्ट्रीशीटरों को थाने बुलाकर हिदायत देने की पहल को अपराध नियंत्रण और संभावित घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस की निगरानी से आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने में मदद मिलेगी। थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक ए.एन. त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि पुलिस क्षेत्र में कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार सतर्क है। किसी भी व्यक्ति द्वारा नियमों का उल्लंघन करने या आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर उसके खिलाफनियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य अपराधियों पर नियंत्रण के साथ आमजन में सुरक्षा और विश्वास का माहौल कायम करना है।

फर्जी लोन के नाम पर धोखाधड़ी और मानसिक उत्पीड़न का आरोप

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव क्षेत्र में नाम पर कथित रूप से लाखों रुपये का फर्जी ऋण कराए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने धोखा धड़ी और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शिकायतकर्ता की गाड़ी संख्या यूपी34 डीटी 3080 पर पहले से ऋण चल रहा है। इसके बावजूद श्रीराम फाइनेंस कंपनी के माध्यम से उनके नाम पर 550000 रुपये और 325000 रुपये के दो अन्य ऋण कथित तौर पर फर्जी तरीके से स्वीकृत करा दिए गए। पीड़ित का कहना है कि इन ऋणों के कारण उन्हें आर्थिक परेशानी और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत कर्ता पवन सिंह सेंगर, निवासी रामपुर बरौरा, हरगांव ने चौबिस अक्टूबर 2026 को जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई (संदर्भ संख्या 40015426098389 दर्ज कराते हुए जांच एवं कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने अपने नाम पर कराए गए कथित ऋणों की जांच कराने, ऋण स्वीकृति से सम्बन्धित दस्तावेजों की पड़ताल करने तथा धोखा धड़ी में शामिल लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में अभी यह स्पष्ट होना बाकी है कि दोनों ऋण किन दस्तावेजों के आधार पर स्वीकृत किए गए और ऋण प्रक्रिया में किन लोगों की भूमिका रही। इन बिंदुओं की निष्पक्ष जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी। अब पीड़ित को मामले में निष्पक्ष जांच और प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार है।

सरदार पटेल के सम्मान में निकली एकता यात्रा



हरगांव (सीतापुर)। देश के प्रथम गृहमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को थाना हरगांव में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर हरगांव थाने से राष्ट्रीय एकता यात्रा (पदयात्रा) निकाली गई। जिसने नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर लोगों को एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। यात्रा में हरगांव पुलिस बल के साथ स्थानीय जनप्रति निधियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण तथा देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के संकल्प को याद किया गया। इस अवसर पर थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने सरदार पटेल के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश की विभिन्न रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनके दृढ़ नेतृत्व, दूरदर्शिता और राष्ट्र हित के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेकर प्रत्येक नागरिक को देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में अपना योगदान देना चाहिए।

पटेल जयंती पर आल्हा गायन का हुआ कार्यक्रम

महमूदाबाद (सीतापुर)। भारत रत्न, लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती मौके पर सरदार पटेल जन सेवा ट्रस्ट महमूदाबाद की ओर से रामकुंड चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में आल्हा गायिका काजल सिंह का ओजपूर्ण आल्हा गायन हुआ। कवि, लेखक शिक्षक अनुज कुमार वर्मा ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। रामकुंड चौराहे पर आयोजित समारोह का शुभारंभ सरदार पटेल के चित्र माल्यार्पण के साथ हुआ। काजल सिंह और उनके आल्हा मंडली गायकों का आयोजन समिति और मां संकटा देवी धाम समिति की ओर से सम्मान किया गया। पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, सपा के राहुल शुक्ल ने सरदार पटेल जन सेवा ट्रस्ट की ओर से अनुज वर्मा विकल, डॉ. वली चौधरी, डॉ. गोपी चंद वर्मा, डॉ. विपिन वर्मा, डॉ. प्रतीक सिंह, अखिलेश वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, उमेश चंद्र मिश्र, राम सिंह चौधरी, धनीराम भार्गव, लालता प्रसाद जायसवाल, माया देवी, अजीत दिनकर, अमित बाल्मीकि की पत्नी, विश्वम्भर प्रसाद वर्मा, अमित दिनकर को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

संचालन उमेश वर्मा और आलोक वर्मा आजाद ने किया। ट्रस्ट की ओर से अतिथियों का अशोक वर्मा, उमेश वर्मा, आदित्य वर्मा आदि ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सुरेश वर्मा, ओमकार नाथ, ज्ञानेश मिश्र, गणेश कुमार, दिनेश पाठक, शिवदास पुरवार, धनंजय, मृत्युंजय समेत बड़ी संख्या में आल्हा श्रोता मौजूद रहे। करीब तीन घंटे काजल सिंह आल्हखंड के माड़ौ की लड़ाई प्रसंग का आल्हा गायन किया।

ता0 पेशी - 12-11-2026
एम0सी0जे0 फार्म नं0 33 भाग 7 हेतु संदर्शित करने के सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय सदर सीतापुर वाद सं.टी 202610640219507 सन् 2026 ई0 धारा-134 वादी

बनाम

नफीस अहमद सिद्दीकी

कृष्ण किशोर पाण्डेय - प्रतिवादी चूंकि उपरिनामांकित कृष्ण किशोर पाण्डेय पुत्र स0 विष्णु दयाल पाण्डेय निवासी ग्राम चितहरी पर0 तहसील व जिला सीतापुर वर्तमान पता- चुंगी चौराहा निकट महेश स्वीट हाउस सीतापुर ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्शित करने के लिए 12-11-2026 को बजे पूर्वान्ह स्वयं सम्पर्क रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज 200 के दिवस को निकाली गई।

राष्ट्रवादी ब्राम्हण समाज का 28वां स्थापना दिवस सम्पन्न



सीतापुर। राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज सीतापुर के जिला इकाई के तत्वाधान में 28वां स्थापना दिवस में मेधावी सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन सीतापुर उत्सव गेस्ट हाउस में किया गया। जिसमें हजारों छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महंत योगी तेजनाथ जी महामंडलेश्वर विद्या चौतन्य जी महाराज महंत 1008 श्री महंत संतोष दास खाकी जी महाराज साधु मंडल नैमिष धाम सीतापुर की गौरव में उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों हजार ब्राह्मणों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित मात्र शक्तियों को भी अंग वस्त्र देकर के सम्मानित किया गया। इसके साथ ही आए हुए सभी अतिथियों को परशुराम जी की चालीसा का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में आए हुए समस्त छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र वी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंडित राम प्रसाद अवस्थी, संस्थापक राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज भारत राजेश शुक्ला जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, भरत त्रिपाठी पूर्व एमएलसी सीतापुर, नेहा अवस्थी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, मुनेंद्र अवस्थी पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत सीतापुर यतींद्र अवस्थी पूर्व अध्यक्ष सहकारी गन्ना विकास समिति रामगढ़, संजय शुक्ला जिला अध्यक्ष राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज, शिव शंकर दयाल तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष, राष्ट्रपति ब्राह्मण समाज रत्नेश त्रिवेदी, जिला संयोजक दीपक शुक्ला, जिला महामंत्री प्रमोद तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष मनोज कुमार त्रिवेदी पत्रकार भाजपा नेता विधानसभा क्षेत्र सीतापुर 146, भगवती गुप्ता प्रमुख व्यवसाय सीतापुर, भानु प्रकाश चतुर्वेदी, विजय दीक्षित, उमाकांत मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, रामकिंकर पांडे ब्लॉक प्रमुख, कन्हैयालाल शुक्ला, पंडित रमेश कुमार बाजपेई, वायरल प्रबंधक सीता इंटर कॉलेज महमूदाबाद नवल बिहारी शुक्ला, पंडित रामकुमार शुक्ला, संजय मिश्रा, रत्नेश द्विवेदी, एडवोकेट पंडित अरुण मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, रामसागर पांडे, पंकज मिश्रा, रमेश त्रिवेदी, दिनेश , कमल I, संजय दीक्षित, दिलीप शर्मा, प्रमोद तिवारी, अनिल त्रिपाठी, गंगा स्वरूप मिश्रा विनोद कुमार मिश्रा अश्वनी शुक्ला सभासद बब्बू बाजपेई सभासद अंजनी मिश्रा पूर्व सभा सदसहित हजारों हजार विप्र समाज के सम्मानित जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

गड्ढों में तब्दील सड़क, जलभराव से जान जोखिम



सफदरगंज, बाराबंकी। विकास के दावों के बीच रामनगर रोड से बांसां शरीफ और बड़ा गांव होते हुए बाराबंकी-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क बदहाली की तस्वीर पेश कर रही है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढे और उनमें भरा पानी राहगीरों के लिए जानलेवा मुसीबत बनता जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही वाले इस मार्ग की दुर्दशा पर जिम्मेदार विभाग की चुप्पी नहीं टूट रही है।बारिश के बाद गड्ढों में पानी भरने से उनकी गहराई दिखाई नहीं देती। नतीजतन वाहन चालक अनजाने में गड्ढों में फंसकर दुर्घटना का शिकार होने का खतरा झेल रहे हैं। सबसे अधिक जोखिम दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को है। कई गांवों को मुख्य मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाली इस सड़क पर आवागमन अब किसी चुनौती से कम नहीं है।सवाल यह है कि सड़क की मरम्मत के लिए जिम्मेदार विभाग को क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार है? आखिर कब तक ग्रामीण टूटी सड़क और जलभराव की समस्या झेलते रहेंगे? विकास की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों की नजर इस बदहाली पर क्यों नहीं पड़ रही है?ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल स्थलीय निरीक्षण कराकर सड़क की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराने की मांग की है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी जनता की परेशानी पर कार्रवाई करते हैं या फिर यह सड़क सरकारी उदासीनता की भेंट चढ़ी रहती है।

गलत दिशा से आ रहे डंपर ने स्कूटी सवार को कुचला, मौके पर मौत

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र में गड़िया हसनपुर के पास रविवार को गलत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, लखनऊ जिले के इटौंजा थाना क्षेत्र के इटौंजा राजा निवासी अमन रावत (18) पुत्र रामू रावत स्कूटी से लखनऊ की ओर से आ रहा था। इसी दौरान गड़िया हसनपुर के निकट सामने से गलत दिशा में आ रहे अज्ञात डंपर ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अमन सड़क पर गिर पड़ा और डंपर उसे कुचलता हुआ निकल गया। हादसे में उसकी मौके कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी।

नगर पंचायत ने चलाया जागरूकता अभियान, ई-रिक्शों पर लगाए जागरूकता कवर



सिधौली (सीतापुर)। जनगणना 2027 को लेकर नगर पंचायत सिधौली की ओर से लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत एवं अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव ने लोगों को जनगणना के महत्व की जानकारी देते हुए इसमें सहयोग करने की अपील की। इस दौरान ईओ रेणुका यादव ने कस्बे में संचालित ई-रिक्शों पर जनगणना जागरूकता संबंधी कवर लगवाए, ताकि इनके माध्यम से नगर के विभिन्न मोहल्लों और प्रमुख मार्गों पर लोगों तक जागरूकता का संदेश पहुंच सके। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि जनगणना के दौरान कर्मचारियों को सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं तथा इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। अभियान के माध्यम से लोगों को जनगणना के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस अवसर ओर सभासद अन्य लोग उपस्थित रहे।

ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहला अन्तर्गत ग्राम उमरहर में स्थित श्री गोसाईं बाबा धाम में एक नवंबर से सात नवंबर तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए आज भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं पुरुषों ने भाग लिया। इस धार्मिक आयोजन में रामकोट, अयोध्या धाम से पधार रहे कथा व्यास श्री-श्री 1008 जगन्नाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री राघवदास जी महाराज अपनी अमृतमयी वाणी से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का रसपान कराएंगे। कथा के माध्यम से भक्तों को भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और जीवन में सुख-शांति का संदेश दिया जाएगा।

भरतनाट्यम की प्रस्तुतियों से सजी देवा मेले की सांस्कृतिक संध्या



बाराबंकी। देवा मेला एवं प्रदर्शनी-2026 में रविवार को आयोजित 'रंग-ए-झूम' कार्यक्रम में भरतनाट्यम की मनोहारी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य के माध्यम से भारतीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर छटा बिखेरी।कलवाणी अभिलाषा सिंह ने अनुष्का प्रकाश, यशिका शुक्ला, दिया चंद्रा, अक्षरा भारद्वाज, कशिश वर्मा और विधि गुप्ता के साथ प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम की महिमा, मां दुर्गा की शक्ति और भगवान शिव के तांडव को नृत्य के जरिए जीवंत किया गया। 'शुद्धं ब्रह्म परात्पर राम', 'महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम' और 'शिव तांडव स्तोत्रम' पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को आध्यात्मिक भावधारा से जोड़ा। अंतिम प्रस्तुति 'स्वरांजलि' में कलाकारों ने लय, ताल और भाव-भंगिमाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का निर्देशन गुरु 'कलाश्री' सय्यद शमशुर रहमान ने किया।

विधिक सेवा शिविर में पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ वितरित



बाराबंकी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में वृहद विधिक जागरूकता एवं सेवा शिविर आयोजित किया गया।

प्रशासनिक न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली गई और चिन्हित पात्र लाभार्थियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वितरित किया गया।न्यायमूर्ति मनीष कुमार ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। लाभार्थियों का चयन पारदर्शिता से करने और योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा कि शिविर का उद्देश्य वंचित, कमजोर, महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों तक न्याय एवं सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है।

शिविर में विभिन्न विभागों के स्टालों के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी और सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नि:शुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता और विधिक जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इस मौके पर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी सहित न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर

चकरोड़ पर गड्ढा खोदने का आरोप, विरोध पर जान से मारने की धमकी

खुटार। क्षेत्र के गांव टाह खुर्द कलां निवासी सुदेश पुत्र शंकरलाल ने रविवार को खुटार थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि गांव ग्राम दौलतपुर में गाटा संख्या 31 पर उसका खेत स्थित है। खेत के सामने सरकारी चकरोड है, जबकि चकरोड से तीन फीट पीछे उसके खेत में एक कोठरी बनी हुई है। चकरोड के दूसरी तरफ गांव के खुशीराम पुत्र मनोहर का खेत है। आरोप है कि खुशीराम के बेटे रामनरेश, रामलडैते, राजेश, सोनू और मोनू आए दिन चकरोड काटकर अपने खेत में मिला रहे हैं। उसने कई बार इसका विरोध किया, लेकिन उक्त सभी गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। शनिवार को उक्त लोगों ने चकरोड पर गड्ढा खोद दिया, जिससे उसे अपने खेत तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त सभी उसके खेत से ट्रैक्टर निकाल रहे हैं। इसी दौरान ट्रैक्टर की टक्कर से खेत में बनी कोठरी के पास की पुलिया टूट गई। विरोध करने पर उक्त सभी ने गाली-गलौज करते हुए शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपियों से जान-माल का खतरा बताते हुए पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

नीलगाय से टकराई बाइक, युवक की मौत, किशोर गंभीर घायल

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। असंद्रा थाना क्षेत्र के गनीकपुरवा के पास रविवार को सड़क पर अचानक आई नीलगाय से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका किशोर साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।मृतक की पहचान मिर्चियां निवासी असलम (23) पुत्र कलीम के रूप में हुई है। घायल अरमान (16) पुत्र इब्राहिम का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।बताया गया कि दोनों भरहेमऊ गांव में शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। गनीकपुरवा के पास अचानक नीलगाय सामने आ गई, जिससे बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर जा गिरे। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी रामसनेहीघाट ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. अमरेश वर्मा ने असलम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

योग केंद्र में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

बाराबंकी। श्री कपिल मुनि योग एवं ध्यान साधना केंद्र, पल्हरी में रविवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए उनके योगदान को याद किया गया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद देश की करीब 565 रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के रूप में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।मुख्य अतिथि योग केंद्र के संस्थापक सदस्य व व्यवसायी वंशराज वर्मा रहे। अध्यक्षता शिव मंदिर के सेवादार हनुमान प्रसाद ने की। विशिष्ट अतिथि योगाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी, रत्नेश कुमार, सुशील कुमार, सुधीर कांत मौर्य, अशोक कुमार वर्मा और रामानंद वर्मा ने भी विचार रखे। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया। संचालन डॉ. रामसमुझ वर्मा ने किया। संयोजन संतोष चौधरी ने किया। कार्यक्रम में योग केंद्र के सदस्य और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

घर में खून से लथपथ मिला आंगनबाड़ी कार्यकत्री का शव

रामनगर, बाराबंकी। महादेवा में रविवार शाम आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मंजू का खून से लथपथ शव घर के अंदर मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की आंख और गले के आसपास चोट के निशान मिलने से हत्या की आशंका गहरा गई है। बहन ने अपने सगे भाई संदीप और उसकी पत्नी शीतल पर गंभीर आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई है। घटना के बाद से दोनों घर से गायब हैं। मंजू बरियारपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के पद पर तैनात थीं। रविवार को उनकी बहन वंदना ने कई बार फोन किया, लेकिन जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका में वह महादेवा स्थित बहन के घर पहुंचीं तो अंदर मंजू का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर पहुंची क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह और महादेवा चौकी प्रभारी रजनीश कुमार पांडे ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वंदना ने आरोप लगाया कि भाई संदीप की पत्नी शीतल पहले भी मंजू को जान से मरवाने की धमकी देती थी। घटना के बाद भाई और उसकी पत्नी के मौके पर नहीं मिलने से संदेह और गहरा गया है।अपर पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी ने बताया कि फोरेंसिक टीम घटनास्थल से साक्ष्य जुटाएगी। मामले के खुलासे के लिए पुलिस की टीम गठित कर दी गई है। दोनों की तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के आधार पर मौत की वजह स्पष्ट होगी। **सवालों के घेरे में मौत-** घर के अंदर खून से लथपथ शव, शरीर पर चोट के निशान और परिजनों द्वारा लगाए गए हत्या के आरोपों ने मामले को गंभीर बना दिया है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

बारीपार में गरीब परिवार की मदद के लिए फिर आगे आए समाजसेवी सुशील चतुर्वेदी



अयोध्या धाम। समाजसेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए समाजसेवी सुशील चतुर्वेदी जी एक बार फिर जरूरतमंद परिवार की सहायता के लिए आगे आए। उन्होंने बारीपार निवासी राजकिशोर के परिवार को राशन सामग्री एवं आर्थिक सहायता प्रदान कर संकट की घड़ी में परिवार का सहारा बनने का सराहनीय प्रयास किया।बताया जाता है कि राजकिशोर का परिवार अत्यंत आर्थिक कठिनाइयों से गुजर रहा है। परिवार में दो बेटियाँ और छोटे-छोटे बच्चे हैं। परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए सुशील चतुर्वेदी जी ने आगे बढ़कर उनकी मदद की तथा राशन और आर्थिक सहयोग प्रदान कर परिवार को राहत पहुँचाई।इस अवसर पर समाजसेवी सुशील चतुर्वेदी जी ने कहा कि गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारा मानवीय कर्तव्य है। समाज में ऐसे अनेक परिवार हैं जिन्हें थोड़े से सहयोग की आवश्यकता है। यदि समाज का प्रत्येक सक्षम व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझकर आगे आए, तो किसी भी जरूरतमंद परिवार को कठिन परिस्थितियों में अकेला नहीं रहना पड़ेगा। उनका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों के जीवन में उम्मीद की नई किरण जगाना और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना है।

दहेज उत्पीड़न में पति समेत नौ पर मुकदमे का आदेश

अयोध्या। दहेज में बाइक और सोने की चेन की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को जलाकर मारने के प्रयास के मामले में अदालत ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। सिविल जज (जू.डि.) एफटीसी निवेदिता सिंह ने महिला थानाध्यक्ष को प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना करने के निर्देश दिए हैं। मामला बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के पदारथपुर गांव का है। विवाहिता शशिबाला ने ससुराल पक्ष पर मारपीट, प्रताड़ना और गैस से जलाकर मारने के प्रयास का आरोप लगाया है। न्यायालय ने पांच नवंबर 2026 तक विवेचना की अनुपालन आख्या भी तलब की है।

एनटीपीसी टांडा में वॉकाथॉन और पौधरोपण से दिया संदेश

अयोध्या। राष्ट्रीय एकता दिवस और ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह के तहत एनटीपीसी टांडा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। परियोजना प्रमुख राजीव कुमार सिन्हा ने वॉकाथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया और जुंबा सत्र आयोजित हुआ।